जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर 28-29 नवंबर को विशेष अभियान दिवस

युवाओं और महिलाओं के नाम जोड़ने पर रहेगा विशेष जोर, हेल्प डेस्क और हेल्पलाइन 1950 से मिलेगी मदद



सुल्तानपुर। अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के तहत दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 17 नवंबर से 16 दिसंबर 2026 तक निर्धारित है। इसी क्रम में प्रदेश में 28 नवंबर (शनिवार) एवं 29 नवंबर (रविवार) 2026 को विशेष अभियान दिवस आयोजित किए जा रहे हैं। **सभी बूथों पर मिलेंगे फॉर्म 6, 7 और 8** जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने बताया कि विशेष अभियान दिवस पर जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) प्रातः 10 बजे से अपराह्न 4 बजे तक उपस्थित रहेंगे। सभी बीएलओ के पास 17 नवंबर 2026 को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची उपलब्ध रहेगी, जिससे नागरिक अपने नाम एवं अन्य विवरणों की जांच कर सकेंगे। इसके साथ ही बीएलओ के पास पर्याप्त संख्या में फॉर्म-6, फॉर्म-7 एवं फॉर्म-8 उपलब्ध रहेंगे, ताकि पात्र नागरिक नए पंजीकरण, नाम विलोपन संबंधी आपत्ति तथा मतदाता सूची में आवश्यक संशोधन के लिए आवेदन कर सकें। नागरिकों की सुविधा के लिए प्रत्येक मतदान केंद्र पर हेल्प डेस्क भी स्थापित रहेगी। इसके अतिरिक्त जनपद स्तर पर हेल्पलाइन नंबर 1950

सुबह 10 से शाम 4 बजे तक मौजूद रहेंगे बीएलओ- डीएम

सक्रिय है। **युवाओं और महिलाओं के पंजीकरण पर विशेष ध्यान** जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विशेष अभियान दिवसों के दौरान मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से छूटे पात्र नागरिकों, विशेषकर युवाओं तथा महिलाओं के पंजीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। इसके लिए मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों (बीएलए), वर्तमान एवं पूर्व ग्राम प्रधानों, पार्षदों तथा स्थानीय स्वयंसेवकों का सहयोग लिया जाए। साथ ही सामाजिक संगठनों एवं अन्य स्थानीय संस्थाओं को भी अभियान से जोड़कर पात्र नागरिकों तक इसकी जानकारी पहुंचाई जाए।

डी एम ने ईवीएम एवं वीवीपैट प्रदर्शन केंद्र का किया निरीक्षण

सुलतानपुर, /जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह द्वारा आज कलेक्ट्रेट सभागार के बाहर स्थापित ईवीएम एवं वीवीपैट प्रदर्शन केंद्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने ईवीएम एवं वीवीपैट की कार्यप्रणाली के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा वहां की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होने सभी प्रिन्ट, इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया बंधुओं से अपील की कि सभी ईवीएम में बटन दबवाकर मतदान प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त करें तथा वीवीपैट के माध्यम से निकलने वाली पर्ची देखकर मतदान की पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के संबंध में जनसामान्य को जागरूक करें। उन्होंने आमजन से अपील की कि ईवीएम एवं वीवीपैट प्रदर्शन केंद्र पर पहुंचकर मतदान प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त करें तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें।

प्रोबेशन कार्यालय में कार्यरत कर्मी सड़क हादसे में घायल

सुल्तानपुर। जिला प्रोबेशन कार्यालय में कार्यरत संदीप सिंह का बृहस्पतिवार को शाम ऑफिस से घर लौटते समय दीवानी चौराहे के पास एक्सीडेंट हो गया। जिसमें संदीप को गंभीर चोटें आई हैं। पता चला है कि किसी चार पहिया वाहन का गेट अचानक खोल देने से उनकी गाड़ी भिड़ गई।

गौवंश हत्या के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, गौ रक्षा वाहिनी ने पुलिस कार्रवाई की सराहना की

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन में बंधुआकलां पुलिस को सफलता, अपर पुलिस अधीक्षक बृज नारायण सिंह और क्षेत्राधिकारी नगर राघवेंद्र प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण में हुई कार्रवाई

सुलतानपुर। जनपद में गौवंश की सुरक्षा एवं गोवध जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई के क्रम में थाना बंधुआकलां पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। 22 नवंबर 2026 को थाना क्षेत्र के ग्राम पूरे बुनियाद सिंह का पुरवा, मजरे ऊंचगांव में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा गोवंश की हत्या कर अवशेष छोड़ दिए जाने के मामले में पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 222/2026, धारा 3/5ए/8 उत्तर प्रदेश गोवध निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए 27 नवंबर को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त सीताराम पुत्र सोमई, निवासी ग्राम मझगंवा, थाना मुसाफिरखाना, जनपद अमेठी, उम्र 46 वर्ष को पूरे बुनियाद सिंह के पुरवा स्थित नहर पटरी से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी है। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई पर गौ रक्षा वाहिनी के प्रदेश प्रभारी सर्वेश कुमार सिंह एवं प्रदेश महामंत्री वरिष्ठ अधिवक्ता जयशंकर दुबे ने पुलिस प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि गौवंश की हत्या जैसी घटनाएं सनातन संस्कृति और समाज की आस्था को गहरी ठेस पहुंचाती हैं। गौ माता भारतीय संस्कृति में पूजनीय हैं और उनकी रक्षा करना केवल धार्मिक आस्था ही नहीं, बल्कि सामाजिक एवं मानवीय दायित्व भी है। दोनों पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल, अपर पुलिस अधीक्षक बृज नारायण सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर राघवेंद्र प्रताप सिंह की विशेष रूप से भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि अधिकारियों के निर्देशन, मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षण में पुलिस द्वारा की गई यह कार्रवाई सराहनीय है। ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई से कानून के प्रति विश्वास मजबूत होता है और गौवंश की सुरक्षा के प्रयासों को बल मिलता है। गौ रक्षा वाहिनी पदाधिकारियों ने कहा कि पुलिस प्रशासन से अपेक्षा है कि इस प्रकरण की निष्पक्ष विवेचना कर घटना में शामिल प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका की जांच की जाए तथा दोषियों के विरुद्ध कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित हो। साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी निगरानी भी रखी जाए।उन्होंने कहा कि गौ माता की सेवा और सुरक्षा हमारी सनातन परंपरा का अभिन्न अंग है। गौ रक्षा के लिए समाज और प्रशासन को मिलकर आगे आना चाहिए। कानून के दायरे में रहकर गौवंश की रक्षा के लिए गौ रक्षा वाहिनी निरंतर अपनी आवाज बुलंद करती रहेगी।

अन्तर्जनपदीय वाहन चोरों का गिरोह पुलिस के हत्थे चढ़ा

सुल्तानपुर। अंतर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़,तीन आरोपी गिरफ्तार,चोरी की तीन बाइक बरामद।शहर कोतवाल सुरेश नारायण मिश्रा ने वाहन चोरी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रतापगढ़ और प्रयागराज के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शहर कोतवाल ने बताया कि वाहन चोरों की तलाश में जुटी पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर सौरमऊ पुल के नीचे से शिवम सरोज,सचिन और शहंशाह को दबोच लिया।बुलेट चोरी के मामले की तफ्तीश के दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की बुलेट,हीरो एचएफ डीलक्स और पैशन प्रो मोटरसाइकिल बरामद की।

पानी परात को हांथ छुयो नहिं .....

अमेठी ।भगवान श्री कृष्ण और सुदामा के मित्रता की मिसाल दुनिया मे आज भी दी जाती है।यह प्रसंग कथा वाचक ने बड़े मार्मिक ढंग से वर्णित किया। क्षेत्र के बन्दोइया गांव में अभिषेक त्रिपाठी के यहां चल रही श्रीमद भागवत कथा में शुक्रवार को कथा व्यास शिवेश शास्त्री महाराज ने बताया कि संदीपनि मुनि के आश्रम में श्री कृष्ण और सुदामा ने शिक्षा ग्रहण की थी दोनों बालसखा थे। कालांतर में श्री कृष्ण द्वारिकाधीश बने और सुदामा गरीब ब्राह्मण हुए।पत्नी सुशीला के हठ पर सुदामा अपने मित्र से मिलने द्वारिका पहुंचे। जहां नगर वासियों के तमाम तिरस्कार को दरकिनार कर सुदामा ने श्रीकृष्ण से मिलने का निश्चय किया। समाचार पाकर द्वारिकाधीश का विह्वल होकर अपने मित्र से मिलने नंगे पैर दौड़ पड़े। कथा व्यास ने भगवान श्री कृष्ण और सुदामा के मिलन का वर्णन करते हुए बताया कि पानी परात को हाथ छुयो नहि नैनन के जल से पगु धोयो। देखि सुदामा की दीन दशा करुणा करके करुणानिधि रोए। कहा कि आज समाज में मित्रता स्वार्थ के बस हो रही है। कथावाचक ने यदु दत्तात्रेय संवाद गुरु से अधिक शिष्य का महत्व भगवान के 16108 विवाह प्रसंगों का वर्णन करते हुए परीक्षित के मोक्ष की कथा विस्तार से वर्णन किया।कहा कि आधुनिकता के चकाचौंध में बढ़ती विषमता का एकमात्र समाधान श्रीमद्भागवत महापुराण में ही मिल सकता है। मानव जन्म प्रभु की कृपा से निमित्त वश होता है। कथा सुनकर मुख्य यजमान उमेशचंद त्रिपाठी शीला त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में उपस्थित श्रोता भाव विभोर हो गए।

पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर युवक ने कुएं में कूदकर की आत्महत्या

सिंहपुर,अमेठी-शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत माठा गांव मजरे महिया सिंदुरिया गांव निवासी उमा शंकर पुत्र राम प्रताप का पुत्र सोनू पत्नी महिमा की प्रताड़ना से तंग आकर कुएं में कूद कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। सोनू का विवाह 4 वर्ष पूर्व मोहनगंज थाना क्षेत्र के कमई विराज गांव की महिमा से हुई थी। जिसके बाद से लगातार पति-पत्नी में अनबन होती रही। बीते दिनों सोनू अपने ससुराल गया था जहां पर पत्नी महिमा व राजकुमार ने काफी प्रताड़ित किया। जिससे आहत होकर घर के पास स्थित कुएं में कूद कर आत्महत्या कर ली। जिसकी शिकायत मृतक के पिता उमा शंकर गिरी ने थाना शिवरतनगंज पुलिस से की है ।इस संबंध में थाना प्रभारी से दूरभाष के जरिए बात करने की कोशिश की गई तो बात नहीं हो पाई।

नहरों में दिसंबर के तीसरे सप्ताह से शुरू होगा पानी का संचालन

अमेठी । शारदा सहायक खंड-41 के अधिशासी अभियंता मनीष रंजन ने जनपद के समस्त सम्मानित कृषकों को सूचित किया है कि रबी 1434 फसली वर्ष 2026-27 में शारदा सहायक पोषक नहर से निकलने वाली विभिन्न नहर प्रणालियों का अनुरक्षण कार्य कराया जा रहा है। इसके दृष्टिगत शारदा सहायक पोषक नहर को 11 अक्टूबर 2026 से बंद किया गया है। इसके परिणामस्वरूप जनपद की नहरों में फिलहाल पानी का संचालन बंद है। उन्होंने बताया कि नहर प्रणालियों के अनुरक्षण कार्य के कारण नहरों में पानी की आपूर्ति बाधित है। अनुरक्षण कार्य के उपरांत जनपद की नहरों में दिसंबर माह के तृतीय सप्ताह से पानी का संचालन शुरू किया जाना प्रस्तावित है। अधिशासी अभियंता ने कृषकों से अपील की है कि नहरों में पानी के संचालन की प्रस्तावित तिथि को ध्यान में रखते हुए अपनी कृषि संबंधी सिंचाई व्यवस्था की योजना बनाएं।

मांगों के समर्थन में रोडवेज कर्मचारी आंदोलित

अमेठी । रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद उ.प्र. के आह्वान पर शुक्रवार को परिवहन निगम के अमेठी डिपो में कर्मचारियों की सभा हुई। सभा की अध्यक्षता राजबहादुर सिंह ने की। इसमें ट्रैफिक स्टेशन और कार्यशाला शाखा के कर्मचारियों ने भाग लिया। सभा में 30 अक्टूबर 2026 को शासन और निगम प्रबंधन को भेजे गए मांग-पत्र का पूर्ण समर्थन किया गया और मांगें न मानी गईं तो 16 दिसंबर को क्षेत्र स्तरीय धरना-प्रदर्शन रैली व आमसभा में भारी संख्या में भाग लेने का ऐलान किया गया।सभा में मुख्यमंत्री द्वारा राज्य के बजट में उ.प्र. परिवहन निगम को दी गई आर्थिक सहायता के लिए उनका आभार जताया गया। साथ ही मांग की गई कि राष्ट्रीयकृत मार्गों पर अवैध व अनधिकृत संचालन पर प्रभावी रोक लगाई जाए ताकि हजारों कार्मिकों का भविष्य सुरक्षित हो और यात्रियों को सस्ती व सुगम परिवहन सेवा मिल सके। कर्मचारियों ने संविदा चालक-परिचालकों के पारिश्रमिक में वृद्धि प्रोत्साहन राशि की कटौती बंद करने वरिष्ठता का लाभ ईएसआई-चिकित्सा सुविधा व ईपीएफ की सीलिंग समाप्त करने चरणबद्ध नियमितीकरण की योजना बनाने और सेवा नियमावली बनाने की मांग की। साथ ही सातवें वेतनमान का 2016 से 2018 तक का बकाया एरियर रात्रि-हाल्ट किमी. प्रदूषण भत्ते में वृद्धि नो-एक्सीडेंट रिवार्ड का भुगतान कार्यशालाओं का ठेका समाप्त कर आधुनिकीकरण

16 दिसंबर को धरना-प्रदर्शन की चेतावनी

सेवानिवृत्ति के बाद चिकित्सा सुविधा भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्रवाई और शाखा पदाधिकारियों को स्थानांतरण से छूट की मांग उठाई गई।शासन से राष्ट्रीयकृत मार्गों पर डग्गामारी पर रोक बस अड्डे के 1 किमी. परिधि में निजी वाहनों के संचालन पर प्रतिबंध अखिल भारतीय पर्यटक परमिट की आड़ में चल रही निजी बसों पर रोक यात्रीकर की असमानता समाप्त करने और एक्सप्रेसवे-हाईवे को राष्ट्रीयकृत मार्ग घोषित करने की मांग की गई। इसके अलावा 2001 तक नियुक्त संविदा व दैनिक वेतनभोगी कर्मियों को नियमित करने जुलाई-2025 से लंबित 3 प्रतिशत महंगाई भत्ते का भुगतान वेतन विसंगति दूर कर पदोन्नति रिक्त पदों पर नियमित भर्ती में संविदा कर्मियों को वरीयता ग्रेच्युटी सीमा 20 लाख से बढ़ाकर 25 लाख करने और मकान किराया भत्ता पुनरीक्षित करने की मांग शामिल है।बैठक में अध्यक्ष राजबहादुर सिंह और शाखा मंत्री महेंद्र कुमार ओझा सुशील कुमार तिवारी शीतला प्रसाद शुक्ल नीरज पांडेय सुरेंद्र कुमार अजय कुमार देवेंद्र वर्मा सहित परिषद के पदाधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

डीएम ने श्रमिकों के पंजीकरण में तेजी लाने को दिए निर्देश

अमेठी । जिलाधिकारी शशांक चौधरी की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति एवं उनके प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने विशेष रूप से निर्माण श्रमिकों के पंजीकरण पर जोर देते हुए निर्देश दिए कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र श्रमिकों तक पहुंचाने के लिए पंजीकरण अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। जिलाधिकारी ने सहायक श्रमायुक्त को निर्देशित किया कि श्रमिकों के पंजीकरण में तेजी लाने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करें। इसमें यह स्पष्ट किया जाए कि श्रमिकों के पंजीकरण के लिए किन-किन विभागों से किस प्रकार के सहयोग की आवश्यकता है ताकि सभी संबंधित विभागों के समन्वय से अधिक से अधिक श्रमिकों का पंजीकरण सुनिश्चित कराया जा सके। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने नगरीय क्षेत्रों में कार्यरत निर्माण श्रमिकों को चिह्नित करते हुए उनका अधिक से अधिक संख्या में पंजीकरण कराएं। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे विभिन्न निर्माण स्थलों एवं लेबर अड्डों पर स्वयं पहुंचकर श्रमिकों से संपर्क करें और उन्हें श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए पंजीकरण के लिए प्रेरित करें। बैठक में श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्माण श्रमिकों के पंजीकरण नवीनीकरण ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण तथा श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने की स्थिति पर भी चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पात्र श्रमिकों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही आवेदन एवं पंजीकरण की प्रक्रिया में भी आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाए जिससे कोई भी पात्र श्रमिक शासन की कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि श्रमिकों का पंजीकरण केवल औपचारिकता न रहे बल्कि इसके माध्यम से पात्र श्रमिकों को शासन की योजनाओं से वास्तविक रूप से लाभान्वित किया जाए। इसके लिए विभागीय अधिकारी नियमित रूप से अभियान चलाकर प्रगति सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू सहायक श्रमायुक्त छत्रसाल बरनवाल डीईएसटीओ पन्नालाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

सटरिंग लगाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट

भेटुआ अमेठी। बिना मजदूरी दिए झंज्जा निकलवाने का विरोध करने पर शटरिंग मिस्त्री पर कुल्हाड़ी से हमला करने का मामला सामने आया है। परतोष पुलिस चौकी क्षेत्र के सनहा गांव निवासी संजय कश्यप के सिर में गंभीर चोट आई है। उपचार के दौरान सिर में टांके लगाए गए।पीड़ित के मुताबिक, 26 नवंबर की सुबह करीब नौ बजे वह साबिर अली के यहां शटरिंग का काम करने गया था। आरोप है कि साबिर अली और उसका बेटा समीर अली बिना मजदूरी दिए झंज्जा निकलवाने का दबाव बना रहे थे। विरोध करने पर मारपीट करते हुए कुल्हाड़ी से सिर पर वार कर दिया। आरोपितों ने जान से मारने की धमकी भी दी।मामले में मुंशीगंज पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोपहर करीब एक बजे मुकदमा दर्ज कर लिया।

पुरानी रंजिश में मासूम की हत्या की कोशिश

महमूदाबाद (सीतापुर)। महमूदाबाद के पट्टी पैंतेपुर में पुरानी रंजिश के चलते शुक्रवार की सुबह के गले पर चाकू से वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल बालक को इलाज के लिए सीएचसी महमूदाबाद लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। केस दर्जकर पुलिस मामले की जांच करते हुए आरोपी की तलाश कर रही है। महमूदाबाद के पट्टी पैंतेपुर के रहने वाले नौ वर्षीय रेहान पुत्र अब्दुल माबूद शुक्रवार की सुबह करीब 10 बजे घर से बाहर खेल रहा था। आरोप है कि कसगरा पैंतेपुर का नवी अहमद पुत्र समी अहमद मौके पर पहुंचा और रेहान के गले पर चाकू से वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल रेहान को इलाज के लिए एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी महमूदाबाद लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। कोतवाल विश्वजीत सिंह ने बताया कि घायल की मां की तहरीर पर आरोपी नवी अहमद के खिलाफकेस दर्जकर तलाश की जा रही है।

धनुष यज्ञ मेला प्रारम्भ

रामपुर मथुरा महमूदाबाद (सीतापुर)। विकास क्षेत्र अंतर्गत कस्बा बांसुरा का प्राचीन पंच दिवसीय 'मेला धनुष यज्ञ' 26नवंबर दिन गुरुवार को नारद मोह के साथ प्रारंभ है। दूसरे दिन विश्वामित्र मुनि द्वारा यज्ञ की रक्षा के लिए अयोध्या आकर राम लक्ष्मण को मांगने का कलाकारों द्वारा मार्मिक मंचन किया गया। पुत्र मोह वश मना करने पर विश्वामित्र ने अपार क्रोध व्यक्त किया। अंततः गुरु वशिष्ठ के कहने पर उन्होंने राम लक्ष्मण को उन्हें सौंप दिया। मेला धनुष यज्ञ में ' राम लीला का मंचन भगवती नाट्य कला परिषद् , समस्तीपुर , बिहार द्वारा किया जा रहा है।मेला के आयोजक लक्ष्मी कांत श्रीवास्तव ने बताया कि मेला 30 नवंबर सोमवार को दिन में' धनुष भंग तथा रात में श्री राम चंद्र भगवान की भव्य बारात व रंगारंग कार्यक्रम के साथ समाप्त होगा।'

पांच वर्ष में दुनिया में सबसे तेज गति से हुआ अयोध्या का विकास-महापौर

जन आवास के लिए नई निर्माण प्रौद्योगिकियों पर कार्यशाला में अभियंताओं को दिया गया प्रशिक्षण

अयोध्या। महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा कि बीते पांच वर्षों में अयोध्या का विकास दुनिया के इतिहास में सबसे तेज गति से हुआ है। यहां के प्रशासन, विकास प्राधिकरण, नगर निगम ने कुशल अभियंताओं के साथ मिलकर कनेक्टिविटी, स्वच्छता से लेकर नव निर्माण तक में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नई तकनीक के इस्तेमाल से अयोध्या न केवल सतत विकास की ओर अग्रसर है, बल्कि स्मार्ट सिटी के रूप में भी विकसित हो रही है। महापौर गुरुवार को भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के तत्वावधान में रायबरेली बाईपास स्थित कल्याण मंडपम में आयोजित 'जन आवास के लिए नई निर्माण प्रौद्योगिकियां' विषयक कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार और अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अनुराग जैन के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। महापौर ने कहा कि अयोध्या में निर्माण कार्यों से निकलने वाली वेस्टेज सामग्री से टाइल्स बनाने का प्रस्ताव भी लंबित है। इस दिशा में पहल होने से निर्माण अपशिष्ट के बेहतर उपयोग को बढ़ावा मिलेगा। नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने कहा कि अभियंताओं को नवीन तकनीकों से निरंतर रूबरू होना चाहिए। निर्माण अथवा विकास की कोई भी परियोजना तैयार करते समय नई तकनीकों को विशेष रूप से शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने सड़क निर्माण में आधुनिक तकनीक के समावेश पर जोर देते हुए कहा कि भवन निर्माण के दौरान प्राकृतिक संसाधनों और पर्यावरण का भी ध्यान रखना जरूरी है। अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अनुराग जैन ने कहा कि लगातार जमीन की उपलब्धता कम हो रही है और निर्माण लागत बढ़ रही है। ऐसे में बढ़ती आबादी की जरूरतों के अनुरूप मास हाउसिंग, बेहतर इकोसिस्टम, लागत में कमी और निर्मित भवनों व सड़कों की उम्र बढ़ाने की दिशा में काम करना आवश्यक है।भारत सरकार के प्रतिनिधि पंकज गुप्त ने आबादी की बढ़ती जरूरतों के अनुरूप तेजी से भवन निर्माण की तकनीकों और उनकी दक्षता की जानकारी अभियंताओं को दी। कार्यक्रम का संचालन अपर नगर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ ने किया। इस अवसर पर नगर निगम के मुख्य अभियंता पुनीत ओझा, भारत सरकार के प्रतिनिधि राधाकृष्ण, सहायक अभियंता दीपांकर सिंह, राजपति यादव सहित नगर निगम, विकास प्राधिकरण और लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं ने प्रशिक्षण में भाग लिया और नई निर्माण तकनीकों की जानकारी हासिल की।

छह दिसंबर को लखनऊ में बसपा की श्रद्धांजलि सभा मायावती करेंगी संबोधित

मयाबाजार-अयोध्या। बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर छह दिसंबर को लखनऊ के गोमतीनगर स्थित डॉ. आंबेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल पर बसपा की प्रदेशव्यापी श्रद्धांजलि सभा आयोजित होगी। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर शुक्रवार को मयाभीखी गांव में सेक्टर स्तरीय कार्यकर्ता बैठक हुई। बसपा अयोध्या मंडल के मुख्य जोन प्रभारी दिलीप कुमार विमल ने कहा कि पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती सभा को संबोधित करेंगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से 2027 के विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए अधिक से अधिक संख्या में लखनऊ पहुंचने की अपील की। बैठक की अध्यक्षता गोसाईगंज विधानसभा प्रभारी वीरेंद्र कुमार गौतम ने की।

संविधान दिवस पर टाइनी टाट्स स्कूल में निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित, विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

उतरौला बलरामपुर। संविधान दिवस के अवसर पर 26 नवंबर को टाइनी टाट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र.छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए भारतीय संविधान से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने विचारों को लेखनी के माध्यम से प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने संविधान की प्रस्तावनाए लोकतांत्रिक व्यवस्थाए मौलिक अधिकारोंए नागरिक कर्तव्योंए समानताए स्वतंत्रता और न्याय जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर एक से बढ़कर एक निबंध लिखकर अपनी रचनात्मकता और ज्ञान का परिचय दिया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर सैफ अली ने कहा कि भारतीय संविधान हमारे लोकतंत्र की आधारशिला है। यह प्रत्येक नागरिक को समानताए स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार प्रदान करने के साथ ही हमें अपने कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक करता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को संविधान के मूल्यों और आदर्शों की जानकारी होना बेहद जरूरी हैए क्योंकि आज के विद्यार्थी ही भविष्य में देश के जिम्मेदार नागरिक बनेंगे। ऐसी प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों में न केवल लेखन क्षमता और अभिव्यक्ति कौशल का विकास होता हैए बल्कि उनमें देश के लोकतांत्रिक मूल्योंए राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता के प्रति सम्मान की भावना भी मजबूत होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को संविधान का अध्ययन करनेए उसके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा एक जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहींए बल्कि विद्यार्थियों में नैतिक मूल्योंए सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्र के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना भी है। कार्यक्रम के माध्यम से छात्र.छात्राओं को भारतीय संविधान के महत्व को समझने और उसके प्रति सम्मान की भावना विकसित करने का अवसर मिला। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी ने संविधान दिवस के आयोजन को सार्थक बनाया।

कृषि विश्वविद्यालय में तीन मृतक आश्रितों को मिला नियुक्ति पत्र

कुमारगंज -अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में मृतक आश्रित कोटे के तहत तीन लोगों को नियुक्ति प्रदान की गई। शुक्रवार को कुलपति डॉ. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने विनोद कुमार, रामू कुमार और सुनील कुमार को नियुक्ति पत्र सौंपे। विनोद कुमार को स्वागत अनुभाग में चौकीदार, रामू कुमार को निर्माण निदेशालय में स्वीपर और सुनील कुमार को प्रशासनिक अनुभाग में परिचर के पद पर नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर कुलपति ने नवनियुक्त कर्मचारियों को बधाई देते हुए पूरी निष्ठा, ईमानदारी और लगन से दायित्वों का निर्वहन करने की प्रेरणा दी।

मुख्यमंत्री के देवीपाटन मंदिर आगमन को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्टए सीएमओ ने सेफहाउस का किया निरीक्षण

बलरामपुर। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के देवीपाटन मंदिर आगमन के दृष्टिगत जनपद में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आवश्यक चिकित्सा व्यवस्थाओं को लेकर सतर्कता बरती जा रही है। इसी क्रम में आज मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉण् मुकेश कुमार रस्तोगी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुलसीपुर में स्थापित सेफ हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने सेफहाउस में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओंए आवश्यक उपकरणोंए दवाओंए चिकित्सकीय संसाधनों एवं आपातकालीन उपचार व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री जी के आगमन के दौरान किसी भी संभावित चिकित्सकीय आवश्यकता अथवा आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी व्यवस्थाएं पूरी तरह दुरुस्त रखी जाएं। उन्होंने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को सतर्क रहनेए आवश्यक जीवनरक्षक दवाओं एवं उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा आपातकालीन स्थिति में त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि वीवीआईपी आगमन के दृष्टिगत स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह मुस्तैद है तथा चिकित्सा सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

भूमि विवाद में महिला ने लगाया कब्जे के प्रयास और पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई का आरोप

अयोध्या। सिविल लाइन स्थित प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में पीड़ित महिला मधुबाला ने कुछ लोगों पर फर्जी बैनामे के आधार पर उनकी भूमि पर कब्जे का प्रयास करने और स्थानीय पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई करने का आरोप लगाया है। महिला के अनुसार, उन्होंने वर्ष 1991 और 1996 में खोजनपुर निवासी रामू पुत्र बनवारी से भूमि का बैनामा कराया था। राजस्व अभिलेखों में भी उनका नाम दर्ज है। आरोप है कि वर्ष 2011 में रामू के नाम पर किसी अन्य व्यक्ति ने उनकी भूमि का फर्जी बैनामा अख्तरी बेगम समेत छह लोगों के पक्ष में कर दिया था। इस मामले में कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज हुआ था, जिसमें तीन आरोपितों के विरुद्ध आरोपपत्र दाखिल किया गया।महिला का आरोप है कि वर्ष 2020 में अख्तरी बेगम ने विवादित भूमि अतुल सिंह को बेच दी। इसके बाद वर्ष 2026 में अतुल सिंह और आशुतोष सिंह पर जमीन कब्जाने के कई प्रयास करने का आरोप लगाया गया है। मधुबाला ने बैनामा निरस्तीकरण और निषेधाज्ञा के लिए न्यायालय में मूलवाद संख्या 1068/2026 भी दाखिल किया है। उनका कहना है कि 16 नवंबर को न्यायालय के आदेश पर अमीन ने भूमि की पैम